गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ गाजियाबाद

पत्रांक: 96 / सम्पत्ति अनु0 / 2023 **दिनाँक: 16 / 01 / 2023**

"आवश्यक सूचना"

मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के समक्ष योजित याचिका संख्या 41773 / 2012, रविंद्र कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में माननीय विधायकगण हेतु भूखण्डों को किसी अन्य व्यक्ति को फर्जी तरीके से आवंटित किए जाने के सम्बन्ध में है। प्रश्नगत प्रकरण में आयुक्त, मेरठ मण्डल मेरठ, की जांच आख्या दिनाँक 18.05.2011 के अनुसार इन्दिरापुरम आवासीय योजना के भूखंड संख्या संख्या GK-II/192, GK-II/161, GK-II/200, GK-II/197, GK-II/196, GK-II/195, GK-II/194, एंव GK-II/193 INDIRAPURAM कुल 8 भूखण्ड अनियमित रूप से आवंटित किए जाने का उल्लेख किया गया है। इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा आहूत की गई बैठक दिनाँक 11.01.2023 में यह निर्णय लिया गया है कि उक्त प्रकरण में पाए गए अनियमित आवंटनों के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए।

उपरोक्त उल्लेखित आठो भूखण्डों का आवंटन अनियमित एवं नियम के विरुद्ध पाया गया है। समस्त भूखण्डों के आवंटियों को अपना पक्ष रखने हेतु दिनांक 21.01.2023 से पूर्व का समय देते हुए स्पीड पोस्ट / डाक के माध्यम से प्राधिकरण द्वारा दिनांक 12.01.2023 को पत्र प्रेषित किए जा चुके हैं। पुनः इस सूचना के माध्यम से उक्त भूखण्डों के आवंटियों को सूचित किया जाता है कि यदि भूखण्ड आवंटन अथवा निरस्तीकरण के विरुद्ध कोई साक्ष्य आप द्वारा प्रस्तुत किया जाना है तो दिनांक 21.01.2023 से पूर्व आप स्वयं उपस्थित होकर या डाक के द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय से आच्छादित है तथा समयबद्ध निस्तारण अनिवार्य है। अतः अतिरिक्त समय दिया जाना संभव नहीं होगा, निर्धारित अवधि में सम्बन्धित द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किये जाने पर यह समझा जायेगा कि उक्त प्रकरण में सम्बन्धित को कुछ नहीं कहना है। ऐसी दशा में प्राधिकरण को यह अधिकार होगा कि उक्त भूखण्डों का आवंटन निरस्तीकरण करने की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जाएगी, जिसके लिए सम्बन्धित आवंटी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रभारी सम्पत्ति

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, f : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb
हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएपः 9990988004 वेबसाईटः www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प